# विकास कार्य जीत का माध्यम बनेंगे : धामी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड सरकार के किए गए विकास के काम बागेश्वर में जीत का माध्यम बनेंगे। इस उप चुनाव में पहले से भी अधिक बड़ी जीत प्राप्त होगी।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को कई प्रकरणों पर चर्चा करते हुए कहा कि कैबिनेट मंत्री चंदन रामदास के निधन के बाद रिक्त हुई बागेश्वर विधानसभा सीट के लिए 5 सितंबर को मतदान होना है। इस सीट हम और बड़ी मात्रा में जीत दर्ज करेंगे।
मुख्यमंत्री ने कहा कि बागेश्वर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी एक बहुत बड़े अंतर से एक तरफा जीतने जा रही है।
बागेश्वर में किए गए विकास कार्य और राज्य सरकार की बेहतर नीतियां बागेश्वर उपचुनाव में अपना परिणाम दिखाएगी।
उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के माध्यम से जनता का दिल



जीतने का काम भाजपा ने किया है। यही हमारी जीत का माध्यम बनेगा।
एक दूसरे प्रश्न पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि शीघ्र ही प्रदेश में सख्त भू कानून लागू किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कहा कि भू कानून उत्तराखंड में लागू करने के लिए राज्य सरकार पूरी तरह तैयार है। समिति की रिपोर्ट सरकार को मिल चुकी है और जल्द ही यह मामला कैबिनेट के समक्ष लाकर एक सख्त भू कानून उत्तराखंड में लागू किया जाएगा।
पिछले काफी समय से प्रदेश में विभिन्न संगठन सशक्त भू कानून की मांग कर रहे हैं और उसको लेकर मुख्यमंत्री ने टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश की जनता को हर तरह से लाभान्वित करेंगे। इस संदर्भ में तत्कालीन सचिव सुभाष कुमार की अध्यक्षता में एक समिति बनी थी, जिसकी रिपोर्ट हम लागू कर रहे हैं।

## पौधरोपण से सम्भव है पर्यावरणीय सन्तुलन : प्रो. बत्रा

**चार्ट प्रतियोगिता**

**मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत पोस्टर, चार्ट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा संचालित मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई की स्वयंसेवियों ने प्राचार्य प्रो. सुनील बत्रा के निर्देशन में पौधरोपण किया और पौधों पर ट्री गार्ड लगाकर पौधों में जीवित दर वृद्धि करने का प्रयास किया। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत पर्यावरण संरक्षण विषय पर पोस्टर, चार्ट प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।
प्राचार्य प्रो. सुनील बत्रा ने छात्रा स्वयंसेवियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पौधारोपित करके ही हमारा कर्तव्य पूरा नहीं हो जाता, बल्कि रोपित किये पौधों में जीवित दर बढ़ाने हेतु बनाये गये पौधों की देखभाल करना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि लगाये गये पौधों एवं जीवित पौधों के मध्य अन्तर कम करके ही प्राकृतिक सम्वर्धन एवं संरक्षण सम्भव है। प्रो. बत्रा ने कहा कि बढ़ते पर्यावरणीय असन्तुलन को सन्तुलित करने हेतु पौधारोपण आवश्यक है।इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण विषय पर पोस्टर, चार्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें तमन्ना सैनी ने प्रथम, गरिमा राजपूत ने द्वितीय तथा मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजय कुमार माहेश्वरी, प्रो. जेसी आर्य, समाजशास्त्र विभाग तथा रासेयो की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुषमा नयाल द्वारा विजयी छात्राओं को पुरस्कृत किया तथा उनका मनोबल बढ़ाते हुए प्राकृतिक संवर्धन हेतु विद्यार्थी के रूप में स्वयंसेविकाओं की भूमिका के महत्व भी बताया।

# कूरियर की दुकान से पर्स, बॉक्स किए थे चोरी, आरोपित सामान समेत गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कूरियर की दुकान से पर्स चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से चोरी का सामान बरामद करते हुए आरोपित का चालान कर दिया है।
कोतवाली ज्वालापुर में मंगलवार को अनिल कुमार निवासी कपूर बिल्डिंग रेलवे रोड एसबीआई बैंक होटल सिटी प्राइड के सामने ज्वालापुर हरिद्वार ने अपनी पुराना रानीपुर मोड़ स्थित कोरियर की दुकान से एक पर्स जिसमें 15 हजार नगद, 1आरसी, 1पैन कार्ड, 1आधार कार्ड व 03बॉक्स कोरियर के द्वारा चोरी कर ले जाने के संबंध में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था।
इसकी विवेचना उपनिरीक्षक मनदीप सिंह को दी गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज खंगाली।



इस मामले में पुलिस ने बुधवार को एक व्यक्ति मनीष कुमार पुत्र मुकेश कुमार निवासी विजय पार्क गली नंबर 10 मौजपुर थाना जाफराबाद दिल्ली को टिबडी अंडरपास पास से चोरी के समान के साथ गिरफ्तार कर लिया।
पुलिस ने दर्ज मुकदमे में धारा 411 की बढ़ोतरी की है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है।

## न्यूज फ्लैश

### उत्तराखंड में दो आईएएस सहित 52 अधिकारियों का स्थानांतरण, चंपावत के जिलाधिकारी बने नवनीत पाण्डे

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड शासन ने देर रात्रि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 02 और प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) के 50 सहित कुल 52 अधिकारियों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। चंपावत के जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे को बनाया गया है।
सचिव शैलेश बगोली की ओर से जारी स्थान्तरण आदेश के मुताबिक अपर सचिव शहरी विकास, मुख्यमंत्री निदेशक, शहरी विकास, देहरादून, निदेशक, समेकित बाल विकास परियोजना और निदेशक, महिला कल्याण आईएएस, नवनीत पाण्डे को वर्तमान पदभार से अवमुक्त करते हुए जिलाधिकारी, चम्पावत बनाया गया है। आईएएस विशाल मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी, नगर आयुक्त, नगर निगम, उधमसिंहनगर में से अतिरिक्त आयुक्त का निगम रूद्रपुर का प्रभार हटा लिया गया है।
पीसीएस वीर सिंह बुदियाल से अपर जिलाधिकारी रुद्रपुर और दीपेन्द्र सिंह नेगी को अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) हरिद्वार और अशोक कुमार जोशी को अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) उधमसिंह नगर और शिव कुमार बरनवाल को अपर जिलाधिकारी पिथौरागढ़, फिंचाराम को अपर जिलाधिकारी (वि0/रा.) और सक्षम प्राधिकारी भूमि अधिग्रहण नैनीताल का अतिरिक्त प्रभार मिला है।

### पुलिस अभिरक्षा से हथकड़ी समेत फरार हुए आरोपित को कुछ ही घंटों में दबोचा

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कोतवाली लक्सर में चोरी के मामले में पंजीकृत एक मुकदमे में अरोपित एक युवक आज पुलिस अभिरक्षा में मेडिकल परीक्षण के लिए ले जाते समय हथकड़ी समेत फरार हो गया। इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए फरार आरोपी को कुछ ही घंटों में दबोच लिया। पुलिस कप्तान ने लापरवाही बरते जाने के इस मामले में जांच बैठा दी है।
लक्सर कोतवाली क्षेत्र के मुबारकपुर गांव के सोनू पुत्र सुखपाल सिंह ने चोरी का एक मुकदमा दर्ज कराते हुए चोरी के आरोपित रंजीत (22) पुत्र योगेंद्र निवासी सोसायटी रोड लक्सर को मोटरसाइकिल सहित रंगे हाथों पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द किया था जबकि दूसरा आरोपित अंकुर पुत्र बिरम सिंह अभी फरार चल रहा है। पुलिस रंजीत को आज कोर्ट में पेश करने से पहले मेडिकल परीक्षण के लिए राजकीय चिकित्सालय लेकर गई थी। इसी दौरान रंजीत हेड कॉन्स्टेबल खजान को धक्का देकर फरार हो गया।इस के बाद हेड कांस्टेबल की तहरीर पर रंजीत के विरुद्ध धारा 223 आईपीसी का अभियोग पंजीकृत किया गया।
अचानक हुई घटना से मचे हड़कंप के बीच पुलिस कप्तान अजय सिंह ने कई टीमें गठित की, जिन्होंने विभिन्न सीसीटीवी फुटेज, मैन्युअल पुलिसिंग एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस अभिरक्षा से फरार रंजीत को खानपुर क्षेत्र से दबोचा लिया। इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने कहा कि यह काफी गंभीर घटना है। प्रकरण में जांच बैठाई गई है। दोषी पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मौसम विभाग की चेतावनी का असर पूरी तरह दिखाई दे रहा है। रायपुर में गत रात्रि हुई मूसलाधार बारिश से काफी क्षति हुई है।
मौसम विभाग ने एक बार फिर उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और हरिद्वार छोड़कर सभी 9 जिलों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। जिन जिलों में बुधवार को भारी बारिश की संभावना जताई गई है उनमें देहरादून, टिहरी, पौड़ी, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत, नैनीताल और ऊधमसिंहनगर के नाम शामिल है।

# ऋषिकेश एनसीसी द्वितीय वर्ष की छात्रा महिमा ने एनडीए की परीक्षा उत्तीर्ण की

**ऋषिकेशा/टीम एक्शन इंडिया**
पंडित ललित मोहन शर्मा श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय कैंपस, ऋषिकेश के एनसीसी द्वितीय वर्ष की छात्रा महिमा सजवाण ने एनडीए की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्हें एसएसबी के लिए संस्तुति दी गई है।



विश्वविद्यालय परिसर के प्राचार्य प्रोफेसर एमएस रावत ने बताया कि महिमा सजवाण विश्वविद्यालय में बीएससी चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा है। इस सफलता के लिए महिमा अपने परिश्रम, माता-पिता का सहयोग एवं एनसीसी ऑफिसर कैप्टन धर्मेंद्र तिवारी का मार्गदर्शन मानती हैं।
विश्वविद्यालय परिसर में इस सूचना के प्राप्त होते ही प्राचार्य प्रोफेसर एम एस रावत, प्रोफेसर जी के ढींगरा डीन विज्ञान संकाय, एनसीसी अधिकारी और समस्त प्राध्यापकों ने महिमा को बधाई दी है। इसे विश्वविद्यालय के लिए एक उपलब्धि माना। इससे पूर्व विश्वविद्यालय परिसर के एनसीसी कैडेट्स आर्मी अटैचमेंट, एसएसबी कैप्सूल, आर्मी अटैचमेंट ,थल सेना कैंप और एक भारत श्रेष्ठ भारत में प्रतिभाग कर उत्तराखंड का नाम रोशन कर चुके हैं।

# फ्रीडम फाइटरों के आश्रितों का एसआरटी परिसर में सम्मान

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय एसआरटी परिसर बादशाहीथौल टिहरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने मेरी माटी-मेरा देश, माटी को नमन-वीरों का वंदन कार्यक्रम के तहत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व सुंदर सिंह सजवाण एवं स्व भाग सिंह मखलोगा के आश्रितों को बुके भेंटकर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर परिसर में सघन पौधरोपण भी किया गया।
एसआरटी परिसर के राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी प्रो. एबी थपलियाल ने अवगत कराया कि बुधवार को मेरी माटी-मेरा देश, माटी को नमन-वीरों का वंदन कार्यक्रम



भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में चंबा क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों में जगदीश सिंह सजवाण एवं हरी सिंह मखलोगा को सम्मानित किया गया।
सम्मान कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना से किया गया।
एनएसएस की छात्राओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों के स्वागत में गान भी प्रस्तुत किया।
परिसर के प्रभारी निदेशक प्रोफेसर एमएमएस नेगी, एनएसएस के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर एबी थपलियाल, सहायक कार्यक्रम अधिकारी डा प्रेम बहादुर सिंह तथा डा अर्पणा सिंह ,डा अनूप सेमवाल, डा. दिनेश सिंह नेगी , पुस्तकालयअध्यक्ष हंसराज बिस्ट ,छात्रसंघ अध्यक्ष दीपक गुनसोला, अंकित सजवान, एनएसएस के स्वयंसेवी और बीएड विभाग के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# यमुनोत्री हाइवे में बस में गिरी चट्टान

**हादसा**

**इस हादसे में एक पुरुष तीर्थयात्री को चोट आई है। उसे हायर सेंटर देहरादून रेफर किया गया है**

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में यमुनोत्री हाइवे पर नासूर बन चुके डबरकोट में आज सुबह महाराष्ट्र के श्रद्धालुओं की बस पर चट्टान गिरने से महिला तीर्थयात्री की मौत हो गई। इस हादसे में एक पुरुष तीर्थयात्री को चोट आई है। उसे हायर सेंटर देहरादून रेफर किया गया है।
जिला आपदा परिचालन केंद्र के



अनुसार यह हादसा जानकीचट्टी से बड़कोट के बीच डाबरकोट के पास हुआ। हादसे में महिला तीर्थयात्री पायल समेत दो लोग घायल हो गए। उन्हें 108 एंबुलेंस से सीएससी बड़कोट लाया गया है। यहां पायल की मृत्यु हो गई। घायल कृष्ण सिंह को देहरादून भेजा गया है। यह लोग यमुनोत्री से दर्शन करके लौट रहे थे।

## एक मकान ढहा, व्यक्ति मलबे में दबा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में मानसून कहर ढा रहा है। जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार बुधवार को प्रातः तहसील कोटद्वार के ग्राम चूना महेंडा पट्टी अजमेर पल्ला में भूस्खलन से एक आवासीय भवन क्षतिग्रस्त हुआ है, जिसमें 01 व्यक्ति मलबे दब गया।
परिचालन केंद्र की जानकारी के अनुसार घटना स्थल के पुलिस टीम एवं राजस्व टीम द्वारा खोज एवं बचाव का कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार गत रात्रि एक अल्टो कार ग्राम - देवडाली पट्टी कौडिया 4, लैन्सडौन दुर्घटनाग्रस्त हो गयी है।

# उत्तराखंड में हथियार बनाने की बड़ी फैक्टरी का भंडाफोड़, दो आरोपित गिरफ्तार



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
एसटीएफ ने अवैध हथियारों की एक बड़ी फैक्टरी का भंडाफोड़ कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।
एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि एसटीएफ और ऊधमसिंह नगर पुलिस के संयुक्त प्रयासों से एक फैक्टरी पकड़ी गई है। इस फैक्टरी से उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश को अवैध हथियारों की आपूर्ति होती थी। इस फैक्टरी में 6 सेमी आटोमेटिक पिस्टल, तमंचे, कारतूस, मैगजीन, अर्द्ध निर्मित हथियार और हथियार बनाने का उपकरण बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि एसटीएफ सीओ कुमाऊं सुमित पांडे व निरीक्षक एनपी सिंह के नेतृत्व में 2 बड़े हथियारों के तस्कर, गुच्चन व शाहिद उर्फ पप्पी को गिरफ्तार किया है।
एसटीएफ एसएसपी ने बताया कि अवैध हथियारों की फैक्टरी के बारे में काफी समय से जानकारी में थी। इसकी पिछले दो महीने से खोजबीन की जा रही थी। बीती रात एक हथियार विक्रेता की सूचना पर एक तमंचे के साथ उसे ढेलापुर पर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ पर उसने फैक्टरी की जानकारी दी। घेराबंदी कर फैक्टरी और संचालकों को गिरफ्तार किया गया। पिछले दो वर्षों से इस फैक्टरी से कई प्रदेशों को आपूर्ति की जा रही थी। गिरफ्तार आरोपितों में गुच्चन पुत्र शब्बीर रामपुर, उत्तर प्रदेश और शाहीद उर्फ पप्पी नगीना बिजनौर गिरफ्तार किए गए हैं। इनके पास से अर्द्ध निर्मित और निर्मित सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, 30 तमंचे, 25 कारतूस मैगजीन व हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए गए हैं। आरोपित पप्पी के खिलाफ 6 और गुच्चन के खिलाफ दो आरोप पंजीकृत है।

# गुमखाल में वाहन खाई में गिरा, तीन लोगों की मौत

**देहरादून/पौड़ी/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड के पौड़ी जिले के थाना सतपुली क्षेत्रान्तर्गत गुमखाल में देरात एक वाहन अनियंत्रित होकर पांच सौ मीटर नीचे खाई में गिर गया।
वाहन में कुल चार लोग सवार थे। इनमें से तीन के शव बरामद किए गए हैं। एक व्यक्ति लापता है। राहत और बचाव कार्य जारी है।थाना सतपुली की सूचना पर एसडीआरएफ टीम पोस्ट सतपुली और श्रीनगर से तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय



लोगों ने बताया कि वाहन में चार लोग सवार थे।
वह गुमखाल बाजार से अपने घर जा रहे थे।
एसडीआरएफ के जवानों ने घनघोर अंधेरे में अत्यधिक दुर्गम मार्ग से होते हुए खाई में उतरकर वाहन तक पहुंचे। वाहन सवार तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो चुकी थी। तीनों के शव रोप स्ट्रैचर की सहायता से ऊपर लाकर जिला पुलिस को सुपर्द किया गया। चौथे लापता व्यक्ति की सर्चिंग की जा रही है। वाहन सवार गांव देवदाली, ब्लॉक जयहरीखाल, पौड़ी गढ़वाल के निवासी हैं।
वाहन सवार व्यक्तियों का विवरण
1. चंद्रमोहन सिंह, उम्र 62 वर्ष।
2. दिनेश सिंह, उम्र -63 वर्ष।
3. कमल सिंह, उम्र- 45 वर्ष।
4. अतुल बिष्ट, उम्र- 40 वर्ष।

# सेवानिवृत राजकीय पेंशनर्स संगठन ने निर्धन मेधावी छात्रों को किया सम्मानित

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
सेवानिवृत राजकीय पेंशनर्स संगठन उत्तराखंड की ऋषिकेश शाखा की ओर से 13 निर्धन मेधावियों और वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें क्षेत्रीय विधायक और मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। बुधवार को दून रोड स्थित व्यापार सभा भवन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डॉ. अग्रवाल ने संगठन के किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए मेधावियों को बधाई दी। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों का पैर छूकर आशीर्वाद लिया।
डॉ. अग्रवाल ने कहा कि तीर्थ



नगरी में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, अगर उनको सही मंच मिले तो हर मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यही मेधावी कल देश का भविष्य तय करेंगे, ऐसे में उनके हौसलों को प्रोत्साहित करना चाहिए।
इस मौके पर डॉ. अग्रवाल ने उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की सुलेखा, मनीषा पंवार, सुगंधा, सुकन्या, विद्या पंवार, कनिष्का, ज्योति सेमवाल, सारिका को सम्मानित



किया। वहीं, हरिचंद गुप्ता इंटर कॉलेज की अदिति जखमोला, कशिश गुप्ता, जबकि श्री भरत मन्दिर इंटर कॉलेज मोनिका गुप्ता, हिमांशी और पंजाब सिंध क्षेत्र इंटर कॉलेज की कली साहनी को सम्मानित किया।
यही नहीं डॉ. अग्रवाल ने 75 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले वरिष्ठ नागरिक सत्यराम, एस एस रावत, वीके आर्य, जेएम अरोड़ा, केएम पान्डे, गौरा पंत तथा 85 वर्षीय डा. समर सिंह को सम्मानित किया।

# गौरीकुंड के गौरी गांव में भूस्खलन की चपेट में आए नेपाल मूल के दो बच्चों की मौत

**गुप्तकाशी (रुद्रप्रयाग)/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग जिले के गौरीकुंड के गौरी गांव में भूस्खलन के दौरान मलबे की चपेट में आए नेपाल मूल के तीन बच्चों में से दो की मौत हो गई। गुप्तकाशी से गौरीकुंड की दूरी 14 किलोमीटर है।
यह जानकारी जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने दी।
उन्होंने बताया है कि भारी बारिश के बीच गौरी गांव में हुए भूस्खलन के दौरान आए मलबे में यह बच्चे दब गए थे। तीनों को



स्थानीय पुलिस, एनडीआरएफ और स्थानीय लोगों की मदद से गौरीकुंड हॉस्पिटल लाया गया था। दो बच्चो को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। एक बच्चे का उपचार किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री अचानक पहुंचे बाल विकास अनुभाग



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अपनी कार्यशैली से लोगों को चकित करते रहते हैं। इसका प्रमाण बुधवार को देखने को मिला। जिस सचिवालय में अमूमन मुख्यमंत्री रहते ही हैं, उसी सचिवालय में उन्होंने बाल विकास अनुभाग तीन का आकस्मिक भ्रमण कर लिया और अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
बुधवार की दोपहर सचिवालय स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय से सचिवालय परिसर स्थित आपदा परिचालन केंद्र पैदल जाते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अचानक बाल विकास अनुभाग-3 पहुंचे। अनुभाग में उपस्थित कर्मचारियों से आवश्यक जानकारियां प्राप्त कर सचिवालय परिसर स्थित पालन केंद्र के सफल संचालन के लिए मुख्यमंत्री धामी ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## चिह्नीकरण में शिथिलता की सीएम से मांग की

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद की राज्य निर्माण आंदोलनकारी चिह्नीकरण समिति ने डीएम मयूर दीक्षित के माध्यम से सीएम को ज्ञापन प्रेषित कर चिह्नीकरण में शिथिलता बरतने सहित विभिन्न मांग करते हुए निस्तारण की मांग की।
आंदोलनकारियों के सीएम को प्रेषित ज्ञापन में अवगत कराया गया कि चिह्नीकरण से छूटे राज्य निर्माण आंदोलकारियों के लिए चिह्नीकरण में शिथिलता बरती जाय। क्योंकि लंबा समय बीतने के बाद आंदोलनकारियों के पास अभिलेख मौजूद नहीं हैं। इसलिए आंदोलन कारियों का चिन्हीरण एलआईयू रिपोर्ट, सम्बंधित एजेंसी की जांच और ख्याति प्राप्त आंदोलनकारियों की अनुशंसा पर किया जाऐ।
चिन्हीकरण 2017 से पूर्व नियमों व शर्तों के आधार पर ही किया जाये। इसमें अखबार की कटिंग व ख्यातिलब्ध आंदोलनकारियों की अनुशंसा शामिल रहे।
आंदोलनकारियों के चिह्नीकरण के सम्बंध में नये आवेदनों के साथ 31 दिसंबर, 2021 डीएम की अध्यक्षता वाली कमेटी में लंबित आवेदनों के आधार पर राज्य आंदोलनकारियों का चिह्नीकरण किया जाय। संयुक्त संघर्ष समिति दस्तावेजों में उल्लेखित नामों को आधार मानकर चिह्नीकरण किया जाय। डीएम को ज्ञापन सौंपने वालों में राज्य आंदोलनकारियों में देवी प्रसाद पंवार, ज्योति प्रसाद भट्ट, मुरारी लाल खंडवाल, फते सिंह, लोकेंद्र, केशर सिंह चौहान, महिपाल सिंह रावत, रमेश कुड़ियाल, विनोद कुकरेती, विक्रम सिंह नेगी आदि शामिल रहे।

## मुख्यमंत्री धामी ने ट्वीट कर राहुल गांधी पर बोला हमला

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ट्वीट कर राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है।
बुधवार को मुख्यमंत्री ने अपने ट्वीट में कहा है कि भारत माता की हत्या शब्द का प्रयोग कर आज राहुल गांधी ने पूरे देश को शर्मशार करने का काम किया है। उन्होंने ट्वीट में लिखा है कि यह शब्द सोच और स्वप्न या तो मुगल आक्रांताओं या अंग्रेजों के थे या फिर आज देश तोड़ने के लिए छदम युद्ध लड़ रहे कांग्रेस के महाठगबंधन के हैं।

# बेटा, बेटी और दामाद के साथ मिलकर महिला करा रही थी देह व्यापार का धंधा

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
युवती को जबरन देह व्यापार में धकेलने और देह व्यापार का धंधा करने के आरोप में ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने गिरोह की सरगना समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जबकि एक आरोपित फरार है। पुलिस ने आरोपितों के पास से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की है। पुलिस ने गिरोह के चुंगल से एक युवती का भी रेस्क्यू किया है। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है तथा फरार आरोपित की तलाश की जा रही है।
शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित अपर रोड हरिद्वार निवासी पीड़िता ने 7 अगस्त को नामजद आरोपितों के खिलाफ उसके साथ दुष्कर्म करने, देह व्यापार के लिए मजबूर करने और सहयोग न करने पर जान से मारने की धमकी देने के संबंध में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था।



पुलिस के मुताबिक घर वालों से परेशान पीड़ित अलग रहना चाहती थी। इसी दौरान नौकरी और आशियाने की तलाश में युवती की मुलाकात हरिद्वार निवासी आशु प्रधान से हुई, जिसने उसकी मुलाकात ज्वालापुर में रह रहे बंटी नाम के व्यक्ति से कराई। बंटी उक्त महिला को ज्वालापुर में एक कॉलेज के पीछे स्थित कॉलोनी में ले गया, जहां मौजूद 02 महिलाओं ने पीड़ित को अंजान व्यक्तियों के साथ सोने के लिए कहा और ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दी। साथ ही पीड़ित के साथ दुष्कर्म किया गया।
घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए गठित पुलिस टीम ने एएचटीयू टीम के सहयोग से नव निमार्णाधीन देव ग्रीन कॉलोनी समीप रामानंद कॉलेज के पास एक मकान में छापेमारी कर मुख्य आरोपित महिला शीला रानी पत्नी रणजीत निवासी सब्जी मंडी चौराहा मथुरा व हरिपुर कला रायवाला देहरादून हाल निवासी रमेश चंद के मकान पर किराएदार, देव ग्रीन कॉलोनी ज्वालापुर नियर रामानंद कॉलेज हरिद्वार को उसके बेटे सन्नी व बेटी साधना के साथ गिरफ्तार कर लिया। जबकि विपिन कांत उर्फ बंटी निवासी ग्राम छोटा नवीपुर खुर्द थाना हाथरस उत्तर प्रदेश फरार है। पुलिस ने मौके से देह व्यापार के लिए लाई गई एक अन्य नाबालिग पीड़ित को भी बरामद किया।

# भारत छोड़ो दिवस पर कॉरपोरेट लुटेरों, भारत छोड़ो दिवस मनाया

**भारत छोड़ो दिवस**

**▶▶विभिन्न किसान संगठनो और जन संगठनों ने बुद्धपार्क हल्द्वानी में प्रदर्शन कर सभा की।**

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
ब्रिटिश साम्राज्यवाद के खिलाफ हमारे ऐतिहासिक स्वतंत्रता संग्राम के प्रेरणाप्रद और ऊर्जावान आह्वान की शुरूआत को चिह्नित करने के लिए 9 अगस्त को पूरे देश में भारत छोड़ो दिवस मनाया जाता है।
इस साल भारत के किसान और खेतिहर मजदूर, नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की चली आ रही कॉर्पोरेट समर्थक नीतियों के विरोध में कॉर्पोरेट लुटेरों, भारत छोड़ो, खेती छोड़ो की मांग के लिए अपनी सामूहिक आवाज उठा रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के इसी राष्ट्रव्यापी आह्वान पर संयुक्त किसान मोर्चा जिला नैनीताल के बैनर तले विभिन्न किसान संगठनो और जन संगठनों ने बुद्धपार्क हल्द्वानी में प्रदर्शन कर सभा की। तत्पश्चात बुद्धपार्क से उपजिलाधिकारी कार्यालय हल्द्वानी तक जुलूस निकालकर भारत की राष्ट्रपति को मांग पत्र भेजा गया। ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रपति के संज्ञान में लाया गया कि एसकेएम ने वन संरक्षण (संशोधन) विधेयक 2023, जिसका उद्देश्य पर्यावरण और जलवायु क्षति की जांच के बिना वन संसाधनों को कॉर्पोरेट घरानों को सौंपना है, के अधिनियमन का पुरजोर विरोध किया है। साथ ही मणिपुर में आदिवासी महिलाओं और आदिवासी लोगों के साथ जो हुआ उसने पूरे देश की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। एसकेएम मणिपुर हिंसा पर मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को बर्खास्त करने और जल्द से जल्द शांति स्थापित करने की मांग करते हैं।

## प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मौसम विभाग की चेतावनी का असर पूरी तरह दिखाई दे रहा है। रायपुर में गत रात्रि हुई मूसलाधार बारिश से काफी क्षति हुई है। मौसम विभाग ने एक बार फिर उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और हरिद्वार छोड़कर सभी 9 जिलों में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। जिन जिलों में बुधवार को भारी बारिश की संभावना जताई गई है उनमें देहरादून, टिहरी, पौड़ी, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत, नैनीताल और ऊधमसिंहनगर के नाम शामिल है। चंपावत, नैनीताल और ऊधमसिंहनगर पौड़ी को विशेष सतर्कता बरतने को कहा है।

# पूर्व सैनिक दिनेशचंद्र सकलानी और विकास को किया सम्मानित

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुकुल कांगड़ी सम विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत वीरों का वंदन, पूर्व सैनिक दिनेश चंद्र सकलानी व विकास कुमार का सम्मान किया गया। इसी उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने पंच प्रण की प्रतिज्ञा ली। अमृत वाटिका के निर्माण के लिए स्वयंसेवियों ने पौधरोपण कार्यक्रम किया।
संकाय के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर विपुल शर्मा ने छात्रों को प्रकृति संरक्षण व संवर्धन की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ. मुरली मनोहर तिवारी ने छात्रों



को संबोधित करते हुए सन्मार्ग पर चलते हुए सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए प्रेरित किया। सम विश्वविद्यालय के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डा. विवेक आर्य ने इस अवसर पर सभी को पंच प्रण की प्रतिज्ञा दिलाई। कार्यक्रम अधिकारी गौरव कुमार और मयंक पोखरियाल ने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए एनएसएस की महत्ता पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. तनुज गर्ग, डा. आशीष धमादं, गजेंद्र रावत, डा. जसबीर सिंह, धनपाल, नीरज कुमार, रोहित पाल, नवदीप भारद्वाज, प्रद्युमन सिहं, सचिन कुमार एवं संजीव कुमार ने सहयोग किया।

## न्यूज फ्लैश

### राक्सिया नाले का पानी घुसा घरों में, गुस्साई महिलाओं ने जाम की सड़क

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
हल्द्वानी की छड़ायल और प्रेमपुर लोषज्ञानी गांव में बारिश के कहर से घरों में पानी घुस गया है, जिसकी वजह से लोगों का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया है। इससे गुस्साई महिलाओं ने सड़क जाम कर दी। कल रात हुई जबरदस्त बारिश की वजह से रक्सिया नाला एक बार फिर तूफान पर है और उसका सारा पानी प्रेमपुर लुधियाना गांव में घुस गया है, जिससे वहां पर लोगों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन की ओर से कोई सुनवाई नहीं होने के चलते लोग घरों से निकलकर सड़क पर जाम लगाकर बैठ गए। फिलहाल पुलिस को भी इसकी सूचना नहीं है। लोगों ने जाम लगाया हुआ है और आने जाने वालों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता नेहा माता ने प्रशासन से इस समस्या को दूर करने को कहा है वैकल्पिक रूप से कलवर्ट बनाकर पानी को डाइवर्ट करने की मांग की है। रात भर हुई बारिश से लोगों के घरों में पानी घुसा तो लोग छतों में जाकर रहने को मजबूर हो गए। जबरदस्त हो रही बारिश से कुमाऊं तरबतर हुआ है। इससे नदी और नाले उफान पर हैं।उत्तराखंड का वाणिज्यिक शहर हल्द्वानी इस परेशानी से अछूता नहीं है। यहां नगर निगम के छड़ायल वार्ड और प्रेमपुर लोषज्ञानी गांव रखिया नाले के कहर से अस्त व्यस्त है।

### केएफसी लिमिटेड एडिशन डबल डाउन बर्गर के साथ पूरी करें अपनी चिकन क्रेविंग्स

**देहरादून।** ऊपर भी चिकन नीचे भी चिकन चिकन ही बन है बन ही है चिकन पेश है केएफसी का लिमिटेड एडिशन डबल डाउन बर्गर। यह ऑल चिकन, नो बन बर्गर है, जो आया है चिकन लवर्स के अरमान पूरा करने! केएफसी डबल डाउन बर्गर में दो जूसी चिकन फिलेट्स के बीच क्रंची वेजीस और स्वादिष्ट सॉस हैं। मात्र 239/- रुपये की कीमत में, डबल डाउन बर्गर सभी से अलग और बेहद स्वादिष्ट है। इसे समझो मत, खाओ। केएफसी की हर चीज की तरह डबल डाउन बर्गर केएफसी के 5 गुणा सुरक्षा प्रॉमिस सैनेटाइजेशन स्क्रीनिंग, सोशल डिस्टेंसिंग, वैक्सिनेटेड टीमों द्वारा कॉन्टेक्टलेस सर्विस के साथ आता है। सभी सतहों और संपर्क में आने वाले हिस्सों को नियमित रूप से सैनिटाइज किया जाता है तथा टीम के सदस्यों और राइडर्स के तापमान की नियमित रूप से जांच भी की जाती है।

# उत्तराखंड में हथियार बनाने की बड़ी फैक्टरी का भंडाफोड़, दो आरोपित गिरफ्तार

**भंडाफोड़**

**▶▶ एसटीएफ और ऊधमसिंह नगर पुलिस के संयुक्त प्रयासों से एक फैक्टरी पकड़ी गई है**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
एसटीएफ ने अवैध हथियारों की एक बड़ी फैक्टरी का भंडाफोड़ कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।
एसटीएफ के एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि एसटीएफ और ऊधमसिंह नगर पुलिस के संयुक्त प्रयासों से एक फैक्टरी



पकड़ी गई है। इस फैक्टरी से उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश को अवैध हथियारों की आपूर्ति होती थी। इस फैक्टरी में 6 सेमी आटोमेटिक पिस्टल, तमंचे, कारतूस, मैगजीन, अर्द्ध निर्मित हथियार और हथियार बनाने का उपकरण बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि एसटीएफ सीओ कुमाऊं सुमित पांडे व निरीक्षक एनपी सिंह के नेतृत्व में 2 बड़े हथियारों के तस्कर, गुच्चन व शाहिद उर्फ पप्पी को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ एसएसपी ने बताया कि अवैध हथियारों की फैक्टरी के बारे में काफी समय से जानकारी में थी। इसकी पिछले दो महीने से खोजबीन की जा रही थी। बीती रात एक हथियार विक्रेता की सूचना पर एक तमंचे के साथ उसे ढेलापुर पर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ पर उसने फैक्टरी की जानकारी दी। घेराबंदी कर फैक्टरी और संचालकों को गिरफ्तार किया गया। पिछले दो वर्षों से इस फैक्टरी से कई प्रदेशों को आपूर्ति की जा रही थी।
गिरफ्तार आरोपितों में गुच्चन पुत्र शब्बीर रामपुर, उत्तर प्रदेश और शाहीद उर्फ पप्पी नगीना बिजनौर गिरफ्तार किए गए हैं। इनके पास से अर्द्ध निर्मित और निर्मित सेमी ऑटोमेटिक पिस्टल, 30 तमंचे, 25 कारतूस मैगजीन व हथियार बनाने के उपकरण बरामद किए गए हैं। आरोपित पप्पी के खिलाफ 6 और गुच्चन के खिलाफ दो आरोप पंजीकृत है। एसएसपी ने टीम को 10 हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा की है।

## इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**चम्पाव**
लोहाघाट के बीआईटीएम कॉलेज में पढ़ने वाली सिविल इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष की छात्रा काम्या विश्वकर्मा (18वर्ष) ने अज्ञात कारणों के चलते मंगलवार देर रात तल्ला चांदमारी क्षेत्र में अपने किराए के कमरे में पर्दे से लटक कर आत्महत्या कर ली।
घटना का पता लगने पर पड़ोसी काम्या को रात में ही एंबुलेंस 108 के जरिए लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# फ्रीडम फाइटरों के आश्रितों का एसआरटी परिसर में सम्मान

**नई टिहरी/टीम एक्शन इंडिया**
हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय एसआरटी परिसर बादशाहीथौल टिहरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने मेरी माटी-मेरा देश, माटी को नमन-वीरों का वंदन कार्यक्रम के तहत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व सुंदर सिंह सजवाण एवं स्व भाग सिंह मखलोगा के आश्रितों को बुके भेंटकर और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर परिसर में सघन पौधरोपण भी किया गया।
एसआरटी परिसर के राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम




अधिकारी प्रो. एबी थपलियाल ने अवगत कराया कि बुधवार को मेरी माटी-मेरा देश, माटी को नमन-वीरों का वंदन कार्यक्रम भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में चंबा क्षेत्र के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों में जगदीश सिंह सजवाण एवं हरी सिंह मखलोगा को सम्मानित किया गया।
सम्मान कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना से किया गया। एनएसएस की छात्राओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों के स्वागत में गान भी प्रस्तुत किया।

# लोहाघाट में इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**आत्महत्या**

**▶▶चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सोनाली मंडल ने बताया अस्पताल पहुंचने से पहले ही युवती की मौत हो चुकी थी**



**चम्पाव/टीम एक्शन इंडिया**
लोहाघाट के बीआईटीएम कॉलेज में पढ़ने वाली सिविल इंजीनियरिंग द्वितीय वर्ष की छात्रा काम्या विश्वकर्मा (18वर्ष) ने अज्ञात कारणों के चलते मंगलवार देर रात तल्ला चांदमारी क्षेत्र में अपने किराए के कमरे में पर्दे से लटक कर आत्महत्या कर ली।
घटना का पता लगने पर पड़ोसी काम्या को रात में ही एंबुलेंस 108 के जरिए लोहाघाट उप जिला चिकित्सालय ले गए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उप जिला चिकित्सालय की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सोनाली मंडल ने बताया अस्पताल पहुंचने से पहले ही युवती की मौत हो चुकी थी। पुलिस को सूचना दी गई है। लोहाघाट थाने के एसओ मनीष खत्री ने बताया है कि तल्ली चांदमारी क्षेत्र में रहने वाली छात्रा काम्या विश्वकर्मा ने मंगलवार रात अपने किराए के घर में फंदा लगाकर जान दे है, जिसकी मौत हो गई। सूचना पर उसके परिजन लोहाघाट पहुंच चुके हैं।
एसओ खत्री ने बताया मृतका मूल रूप से लोहाघाट के एबटमाउंट की निवासी थी, लेकिन इस समय उसका परिवार टनकपुर में रहता है। एसओ खत्री ने कहा बुधवार को पंचायतनामा भर पोस्टमार्टम की कार्रवाई की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। मृतका के पिता जगदीश कुमार ने बताया वह तीन दिन पहले ही काम्या को लोहाघाट छोड़ कर गए थे। उन्होंने घटना में किसी भी प्रकार का शक नहीं जताया है। काम्या की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# मुख्यमंत्री पहुंचे आपदा कंट्रोल रूम, राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने के दिये निर्देश

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री ने राज्य में हो रही बारिश से अतिवृष्टि की जानकारी लेते हुए जिलाधिकारियों से दूरभाष पर ली। इस दौरान उन्होंने आपदा को लेकर अलर्ट पर रहने के निर्देश देते हुए कहा राहत बचाव कार्यों में तेजी के साथ काम करें।
सचिवालय स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केन्द्र से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हो रही अतिवृष्टि की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को अतिवृष्टि के दृष्टिगत जिला प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखने और आपदा के दृष्टिगत सभी सहयोगी संस्थाओं से निरंतर समन्वय बनाये रखने के निर्देश दिये ताकि किसी भी प्रकार की आपदा में राहत और बचाव कार्य तेजी से हो सके।
मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग, पौड़ी,



नैनीताल और उधमसिंह नगर से फोन पर वार्ता करते हुए अतिवृष्टि और जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि आपदा की दृष्टि से संवेदनशील स्थानों के लोगों के लिए पहले से सभी समुचित व्यवस्थाएं रखी जाएं।
मुख्यमंत्री ने सचिव आपदा प्रबंधन को निर्देश दिये कि जिलाधिकारियों से निरन्तर सम्पर्क बनाये रखें आपदा प्रबंधन के दृष्टिगत जनपदों को जो भी आवश्यकताएं हैं, शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अतिवृष्टि के कारण सड़क, पेयजल, विद्युत एवं अन्य चीजें बाधित होने की स्थिति में ये सभी व्यवस्थाएं यथाशीघ्र शुरू की जाए। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव राधा

## हैस्को गांव शुक्लापुर में मुख्यमंत्री ने किया प्रकृति का निरीक्षण

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रकृति संरक्षण सकय मी मांग है। बुधवार को मुख्यमंत्री ने हैस्को गाँव शुक्लापुर में प्रकृति के संरक्षण के लिए किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया और हैस्को के संस्थापक डॉ. अनिल प्रकाश जोशी के अनेक कार्यों को देखा। हैस्को जल छिद्रों के माध्यम से जल संचय का कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह क्षेत्र आने वाले समय में केवल प्रदेश के लिए ही नहीं देश-दुनिया के लिए भी एक मॉडल बनेगा। उन्होंने कहा कि शुक्लापुर में जो नेचर पार्क बनाया जायेगा इसमें प्रकृति प्रदत्त चीजों का उपयोग किया जायेगा। इसे एक मॉडल के रूप में विकसित किया जायेगा। पर्यावरण प्रेमियों एवं शोधार्थियों के लिए यह नेचर पार्क बहुत उपयोगी होगा। उन्होंने कहा कि इकोनॉमी और इकोलॉजी में संतुलन बना रहे, इस दिशा में सरकार कार्य कर रही है।हैस्को के संस्थापक पदम भूषण डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने कहा कि 2010 में जब इस क्षेत्र से जुड़ी हुई छोटी नदी जो आसन की सहधारा भी है, वह सूखने लगी तो एक विचार आया कि क्यों न इस सूखती नदी की वापसी संभव की जाये। यह प्रयोग भी हो, वहीं दूसरी तरफ विज्ञान आधारित प्रकृति के साथ जोड़कर देखे जाने की कोशिश भी।वन विभाग व हैस्को ने आपसी भागीदारी जुटाई जल छिद्रों को बनाने का कार्य किया। प्रति हेक्टेयर लगभग 300 जल छिद्रों ने पानी को इकट्ठा करना शुरू किया। करीब पूरे 44 एकड़ में विभाग और हैस्को की भागीदारी से जब यह कार्य हुआ तो दूसरे ही वर्ष पानी की वापसी आसन गंगा में हो गई।

## मुझे पता है वो मुझे सुन लेगा- मैच जीतकर कप्तान ने की रणनीति पर बात

**गुयाना ।** गुयाना में विंडीज के खिलाफ खेले गए तीसरे टी20 मुकाबले में आखिरकार टीम इंडिया के हिस्से जीत लग ही गई। टीम इंडिया के लिए यह मुकाबला जीतना जरूरी था या खास तौर पर बढ़िया फार्म में चल रहे निकोल्स पूरण को रोकना जरूरी था। मैच जीतने के बाद पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में कप्तान हार्दिक पांड्या ने टीम की रणनीति पर बात की और निकोल्स पूरण का खास तौर पर जिक्र किया। हार्दिक ने कहा कि निकी (पूरन) जब शुरूआत में आक्रमण पर नहीं आए तो इससे हमें अपने तेज गेंदबाजों को वापस रखने का चांस मिल गया। साथ ही अक्षर से भी 4 ओवर का काम ले लिया गया। टीम मीटिंग में मैंने साफ किया था कि अगर निकी मारना चाहता है, तो उसे मुझे मारने दो और यही योजना थी। मैं ऐसी प्रतिस्पर्धा का आनंद लेता हूं। मुझे पता है कि वह यह सुन लेगा और चौथे टी20 मैच में मुझ पर कड़ा प्रहार करेगा। हार्दिक बोले- हमें समूह के रूप में पता था कि यह तीनों मुकाबले रोमांचक होंगे। दो हार या दो जीत से योजनाएं नहीं बदलतीं। हमें यह दिखाना होगा कि जब ऐसे (अवश्य जीतने वाले) खेलों की बात आती है तो हम तैयार हैं। हार्दिक बोले- एक समूह के रूप में हमने सात बल्लेबाजों के साथ बल्लेबाजी करने का फैसला किया है और हमें जिम्मेदारी लेनी होगी, जैसा कि आज हुआ, अगर बल्लेबाज रन बनाते हैं तो आपको 8वें नंबर पर किसी की जरूरत नहीं है। सूर्यकुमार यादव की पारी पर हार्दिक ने कहा कि हर टीम में स्काई जैसे व्यक्ति का होना अच्छा है। जब वह जिम्मेदारी लेता है तो यह दूसरों को एक संदेश भेजता है। जब क्रीज पर एसकेवाई और तिलक एक साथ खेलते हैं यह अच्छा लगता है।

## भारत को अधिक सफल टेस्ट टीम बनाने के लिए स्टोक्स जैसे क्रिकेटर की जरूरत : इंग्लैंड का पूर्व कप्तान

**नई दिल्ली ।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि भारत को विदेशी परिस्थितियों में अधिक सफल टेस्ट टीम बनाने के लिए इंग्लैंड के बेन स्टोक्स या ऑस्ट्रेलिया के कैमरून ग्रीन जैसे ऑलराउंडर की जरूरत है जो बल्लेबाजी कर सके। छठे या सातवें नंबर पर अच्छी तरह से और बेहतर टीम संतुलन के लिए भारत को वास्तविक विकेट लेने वाली सीम और स्विंग के 10-15 ओवर भी देते हैं। भारत घरेलू मैदान पर कुछ बड़ी सफलता के दम पर आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के हालिया फाइनल में पहुंचा जहां उसे ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा। उपमहाद्वीप से दूर उनका फॉर्म हुसैन के लिए एक निरंतर चिंता का विषय बना हुआ है। भारत ने हाल ही में कैरेबियन में वेस्टइंडीज को 1-0 से हराया और पिछले साल के अंत में बांग्लादेश में कुछ उत्कृष्ट क्रिकेट खेला ताकि वह विश्व कप में जगह बना सके।

हुसैन ने आईसीसी रिव्यू के हालिया एपिसोड में मेजबान संजना गणेशन के साथ भारत की टेस्ट टीम के संतुलन पर चर्चा की। उन्होंने कहा, 'वे शानदार हैं, घर में उनकी टीम का संतुलन अद्भुत है। उनके पास रोहित और जाहिर तौर पर विराट (कोहली) जैसे वरिष्ठ खिलाड़ी हैं और वे विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं और उनके पास शुभमन (गिल) जैसे युवा खिलाड़ी आ रहे हैं, जो सुपरस्टार बनने जा रहे हैं।' हुसैन ने आईसीसी के हवाले से कहा, अगर जसप्रित (बुमराह) भी वापस आ सकता है, तो इस समय महान मल्टी-फॉर्मेट गेंदबाजों में से एक है। तो उनके पास वे वरिष्ठ खिलाड़ी और युवा हैं और भारत में गेंद के साथ वे तीन ऑलराउंडर हैं और वे भारत में वास्तविक ऑलराउंडर हैं अक्षर (पटेल), (रवींद्र) जडेजा और (रविचंद्रन) अश्विन। मेरे लिए यह वास्तव में संतुलित टीम है क्योंकि तब आपको नंबर 7 मिल जाता है। लेकिन घर से दूर भारत की टीम का संतुलन हुसैन के लिए एक सवाल बना हुआ है और यह तब स्पष्ट हुआ जब वे ऑस्ट्रेलिया से हार गए। जून में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की दूसरी बार भारत को हार का सामना करना पड़ा। हुसैन को पता है कि विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के पूरी तरह फिट होने पर भारत का मध्य क्रम मजबूत होगा, लेकिन एक सीम गेंदबाज की कमी जो बल्लेबाजी भी कर सके, कमेंटेटर के लिए चिंता का विषय है।

## कुलदीप यादव के 50 टी20 विकेट पूरे, जिगरी यार को छोड़ा पीछे

**जॉर्जटाउन।** टीम इंडिया के स्पिन गेंदबाज कुलदीप यादव ने गुयाना के मैदान पर विंडीज के खिलाफ खेले गए महत्वपूर्ण मुकाबले में तीन विकेट लेने के साथ ही टी20 इंटरनेशनल में अपने 50 विकेट पूरे कर लिए। यादव ने मात्र 30 मुकाबलों में यह विकेट हासिल किए हैं। ऐसा कर वह ओवरऑल तीसरे तो भारत की ओर से सबसे तेजी से 50 विकेट लेने वाले पहले प्लेयर बन गए हैं।



**सबसे तेज 50 T20I विकेट**

26 अजंता मेंडिस, श्रीलंका
28 मार्क अडायर, आयरलैंड
30 कुलदीप यादव, भारत

भारत की ओर से इससे पहले युजी चहल ने 34 पारियों में 50 विकेट हासिल किए थे। कुलदीप अब 30 पारियों के साथ नंबर वन हो गए हैं।

# श्रीलंका में बच्चों को पूरा भोजन न मिलने पर दुखी हुए सचिन तेंदुलकर, दिया खास संदेश

**कोलंबो:** भारत के पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने श्रीलंका में एक स्कूल के दौरे के दौरान बच्चों को पोषण से भरपूर आहार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर जोर दिया। उन्होंने कोविड-19 महामारी और देश के आर्थिक संकट से प्रभावित लोगों से भी बात की। तेंदुलकर ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूनिसेफ के सद्भावना दूत के तौर पर कहा, बच्चे भविष्य होते हैं; अगर आज हम उनकी सहायता करेंगे, तो कल वे हमें गौरवान्वित करेंगे। पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि उन्हें यह जानकर दुख हुआ कि श्रीलंका में कई परिवार बच्चों को आवश्यक गुणवत्ता और मात्रा में भोजन देने में सक्षम नहीं हैं।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, कई बच्चे बौनेपन से पीड़ित हैं। तेंदुलकर (50) को पूरे दक्षिण एशिया में स्वच्छता पर जोर देने के लिए 2013 में क्षेत्र के लिए यूनिसेफ का दूत नियुक्त किया गया था।



उन्होंने कहा, जब मैं स्कूल में मैच खेलता था, तब आलम यह था कि जब मैं दोपहर के समय बल्लेबाजी करता था तो भोजन नहीं कर पाता था। मैं कुछ सॉफ्ट ड्रिंक पीकर बल्लेबाजी करता था।- तेंदुलकर ने कहा कि जब खेल का स्तर बेहतर हो गया तो उन्हें अलग तरह से तैयारी करनी पड़ी। उन्होंने कहा, यह तैयारी कुछ ऐसी थी जिसे मैं अनजाने में नजरअंदाज कर दिया करता था। तेंदुलकर ने कहा कि उन्हें बाद में पता चला कि ठीक से दोपहर का भोजन नहीं करने से उनकी सेहत पर असर पड़ा। उन्होंने कहा, मैं एक महत्वपूर्ण मैच में लंच के बाद बाहर निकला और सबसे पहली चीज जो मैं करना चाहता था वह थी खाना। क्रिकेटर ने कहा कि यह पोषण को लेकर एक बड़ा सबक था। तेंदुलकर ने कहा, बच्चों को उनकी पूरी क्षमता दिखाने के लिए पोषक तत्वों से भरपूर आहार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता होती है। उनकी शिक्षा और पोषण में निवेश करके, हम न केवल उनके भविष्य में बल्कि हर देश के भविष्य में निवेश कर रहे हैं।

## पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले अनिल कुंबले ने दी टीम इंडिया को अहम सलाह

**बेंगलुरु ।** भारत आने वाले दो महीनों में एशिया कप और क्रिकेट विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ कई मैच खेलने के लिए तैयार है और महान लेग स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा कि अहम बात यह होगी कि इसे क्रिकेट के किसी अन्य मैच की तरह लिया जाए।

भारत के पूर्व कप्तान का पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट और वनडे दोनों में शानदार रिकॉर्ड है। उन्होंने 15 टेस्ट मैचों में 81 विकेट लिए हैं, जिसमें 1999 में नई दिल्ली में एक पारी में सभी 10 विकेट (74 रन पर 10 विकेट) लेना भी शामिल है। पाकिस्तान के खिलाफ 34 वनडे मैचों में कुंबले ने 54 विकेट झटके हैं।

कुंबले ने कहा कि हमारे समय में यह कहा जाता था कि कीनिया से हार जाओ लेकिन पाकिस्तान से नहीं। खिलाड़ियों पर दबाव और अपेक्षाएं दोनों ज्यादा थी। कुंबले ने यहां कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच मैच इसी तरह से खेले जा रहे हैं और मुख्य बात यह है कि इसे सिर्फ एक अन्य मैच के रूप में लिया जाए। कुंबले जिस समारोह में पहुंचे थे वहां एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण और पूर्व विकेटकीपर सैयद किरमानी भी मौजूद थे।



पाकिस्तान के खिलाफ 10 विकेट का कारनामा कुंबले के लिए अभी भी बहुत यादगार पल है। उन्होंने कहा कि मैं 10 विकेट लेने के बारे में सोचकर मैदान पर नहीं गया था, हालांकि यह किसी भी गेंदबाज का सपना होता है।

## फीडे विश्व कप शतरंज-निहाल , विदित और हरिका भी चौथे दौर में



**बाकू।** फीडे विश्व कप शतरंज में तीसरे दौर के टाईब्रेक मुकाबले खेले गए जिसके बाद पुरुष वर्ग में भारत के ग्रांड मास्टर विदित गुजराती और निहाल सरीन भी अब चौथे दौर में प्रवेश कर गए है । निहाल नें रोमानिया के बोगदान डेनियल को पहले रैपिड टाईब्रेक में ही 1.5-0.5 से पराजित करते हुए अंतिम 32 में स्थान बना लिया जबकि विदित को एक बार फिर एक लंबा टाईब्रेक खेलना पड़ा , विदित की शुरुआत सबसे पहले 25 मिनट के टाईब्रेक का पहला मुकाबला हारकर हुई पर उसके बाद उन्होने जीत अगला ही मैच जीतकर स्कोर 1-1 कर दिया , इसके बाद दोनों के बीच 15 मिनट के दो रैपिड मुकाबले बेनतीजा रहे और स्कोर 2-2 हो गया पर इसके बाद हुए 3 ब्लिट्ज़ में विदित नें दो मुकाबले जीतकर 5-4 से टाईब्रेक अपने नाम कर लिया । वहीं महिला वर्ग में भारत की नंबर दो खिलाड़ी हरिका द्रोणावल्ली नें जॉर्जिया की लेला जवाखिश्विली को लंबे टाईब्रेक में 6-5 से पराजित करते हुए अगले दौर में जगह बनाई ।

# BCCI के इस फैसले पर रॉबिन उथप्पा हुए सख्त, बोले- असहज होना स्वाभाविक है

**मुंबई।** भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर रोबिन उथप्पा का मानना है कि विदेशी टी20 लीग में खेलने की चाहत रखने वाले संन्यास ले चुके भारतीय क्रिकेटरों के लिए अनिवार्य ब्रेक (कूलिंग ऑफ पीरियड) 'असहज और अनुचित' होगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड अनिवार्य ब्रेक पर विचार कर रहा है जिससे कि खिलाड़ियों को संन्यास के तुरंत बाद विदेशी लीग से जुड़ने से रोका जा सके। हालांकि इस संबंध में अभी कोई फैसला नहीं किया गया है। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास लेने वाले उथप्पा हाल में जिंबाब्वे में टी10 लीग का हिस्सा थे। उन्होंने यूएई में आईएलटी20 में भी हिस्सा लिया। उथप्पा ने कहा कि मुझे लगता है कि इसे लेकर असहज होना मानवीय स्वभाव है। हमारे पास बीसीसीआई का केंद्रीय अनुबंध नहीं है, हम अब भारत में क्रिकेट नहीं खेल रहे इसलिए निश्चित तौर पर आप असहज और अनुचित महसूस करोगे।



उन्होंने कहा कि बीसीसीआई ने निश्चित तौर पर हम सभी का ख्याल रखा है। मुझे यकीन है कि वे जो भी फैसला करेंगे वह बीसीसीआई और खिलाड़ियों के हित में होगा। उथप्पा ने कहा कि कुछ समाधान है जिन पर पहुंचा जा सकता है। अगर संवाद की संभावना है तो हम ऐसा हल निकाल सकते हैं जो सभी के अनुकूल हो।

उथप्पा ने कहा कि टीम प्रबंधन और नेतृत्वकर्ता समूह का दृष्टिकोण सबसे छोटे प्रारूप में भारत की किस्मत तय करेगा क्योंकि हार्दिक पंड्या के नेतृत्व में एक नई टीम एक साल से भी कम समय में होने वाले अगले टी20 विश्व कप की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारे सामने अधिकता की समस्या है। देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए पर्याप्त लोग हैं, स्तर वास्तव में उच्च है।

> भारतीय क्रिकेट बोर्ड अनिवार्य ब्रेक पर विचार कर रहा है जिससे कि खिलाड़ियों को संन्यास के तुरंत बाद विदेशी लीग से जुड़ने से रोका जा सके। हालांकि इस संबंध में अभी कोई फैसला नहीं किया गया है।

कभी-कभी जब आपके पास स्तरीय खिलाड़ी होते हैं तो आपको सिरदर्द हो सकता है जो कई अन्य देशों के साथ नहीं है।

उथप्पा ने कहा कि यह इस पर निर्भर करता है कि हम टीम प्रबंधन के रूप में कैसे आगे बढ़ने का फैसला करते हैं और टीम के नेतृत्व समूह का दृष्टिकोण क्या है, यह आने वाले वर्षों में सबसे छोटे प्रारूप में भारत की सफलता के लिए महत्वपूर्ण होगा।

## शुभमन गिल फिर फेल, सोशल मीडिया पर बना जमकर मजाक

**गुयाना।** गुयाना के मैदान पर एक बार फिर से भारतीय ओपनिंग जोड़ी लड़खड़ा गई। विंडीज के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में शुभमन गिल फिर से दहाई का आंकड़ा पार करने में नाकाम रहे। विंडीज




ने पहले खेलते हुए 5 विकेट खोकर 159 रन बनाए थे। सीरीज में बने रहने के लिए टीम इंडिया को यह मैच जीतना जरूरी था लेकिन शुभमन इसमें खास योगदान नहीं दे पाए। शुरूआत से ही धीमा खेल रहे शुभमन 11 गेंदों पर 6 रन बनाकर अल्ज़ारी जोसेफ की गेंद को मिसजज कर चार्ल्स को कैच थमा बैठे। उनके आउट होने के बाद ही उनकी सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोलिंग हुई। पूरे विंडीज दौरे पर फेल होने के कारण क्रिकेट फैंस ने उनकी जमकर क्लास लगाई और सोशल साइट्स पर ट्रोलिंग करते हुए मीम्स शेयर किए।

# BCCI के इस फैसले पर रॉबिन उथप्पा हुए सख्त, बोले- असहज होना स्वाभाविक है

**जॉर्जटाउन।** तीसरे टी20आई में वेस्टइंडीज पर अपनी टीम की सात विकेट से जीत के बाद भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने स्वीकार किया कि उनके वनडे नंबर वास्तव में खराब हैं और वह टी20आई क्रिकेट के अधिक आदी हैं, लेकिन यह सुधार करना और प्रबंधन द्वारा उन पर दिखाए गए विश्वास का बदला चुकाना उन पर निर्भर है। सूर्यकुमार यादव के बल्ले से शानदार प्रदर्शन और तिलक वर्मा के बेलगाम 49* रन ने भारत को मुकाबले में बनाए रखा और तीसरे वनडे में 7 से जीत हासिल की। इस जीत के साथ भारत सीरीज को 2-1 से बरकरार रखने में कामयाब रहा है। अभी दो मैच और बाकी हैं।

सूर्यकुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपनी मैच जिताने वाली पारी के बाद कहा, 'ईमानदारी से कहूं तो, मेरे वनडे आंकड़े बिल्कुल खराब हैं और इसे स्वीकार करने में कोई शर्म नहीं है। हम सभी ईमानदारी के बारे में बात करते हैं और आपको होना भी चाहिए, लेकिन आप कैसे सुधार कर सकते हैं यह अधिक महत्वपूर्ण है। रोहित (शर्मा) और राहुल (द्रविड़) सर ने मुझसे कहा है कि यह वह प्रारूप है जिसमें मैं ज्यादा नहीं खेलता इसलिए आपके पास इसे और अधिक खेलने के लिए और इसके बारे में सोचना है। यदि आप अंतिम 10-15 ओवरों में बल्लेबाजी कर रहे हैं तो सोचें कि



आप टीम के लिए क्या कर सकते हैं। अब यह मेरे हाथ में है कि जिम्मेदारी को अवसर में कैसे बदला जाए।'

सूर्यकुमार की उच्च जोखिम वाली 360-डिग्री बल्लेबाजी ने उन्हें टी20आई में बहुत प्रशंसा और सफलता दिलाई है। 51 टी20आई और 49 पारियों में उन्होंने 45.64 की औसत और 174.33 की स्ट्राइक रेट से 1,780 रन बनाए हैं। उन्होंने इस प्रारूप में तीन शतक और 14 अर्धशतक बनाए हैं। उन्होंने अपने प्रदर्शन के लिए 2022 में आईसीसी टी20आई प्लेयर ऑफ द ईयर' का पुरस्कार जीता और इस प्रारूप में दुनिया भर में नंबर 1 बल्लेबाज भी हैं। लेकिन सूर्यकुमार के लिए वनडे फार्मेट खास नहीं रहा है। 26 एकदिवसीय मैचों और 24 पारियों में वह 24.33 की औसत से दो अर्धशतकों के साथ सिर्फ 511 रन बना सके हैं। बल्लेबाज ने स्वीकार किया कि वह बल्लेबाजी की टी20आई शैली के प्रति अधिक अभ्यस्त महसूस करते हैं क्योंकि इस तथ्य के कारण कि मेन इन ब्लू इस प्रारूप को वनडे की तुलना में बहुत अधिक खेलते हैं और उन्हें 50 ओवर का प्रारूप चुनौतीपूर्ण लगता है। सूर्यकुमार ने कहा, हम टी20 फॉर्मेट इतना खेल रहे हैं कि मुझे इसकी आदत हो गई है। वनडे एक ऐसा फॉर्मेट है, जिसमें मैं ज्यादा नहीं खेलता हूं और मुझे यह सबसे चुनौतीपूर्ण फॉर्मेट लगता है। आपको अलग तरह से बल्लेबाजी करनी होगी - अगर कोई विकेट जल्दी गिर जाता है आपको टेस्ट क्रिकेट की तरह थोड़ी बल्लेबाजी करनी होती है, फिर बीच-बीच में आप गेंद दर गेंद तेजी लाने की कोशिश करते हैं और अंत में आपको टी20 दृष्टिकोण लाना होता है। इसलिए टीम प्रबंधन ने मुझसे जो कहा है उसे लागू करने की कोशिश कर रहा हूं। मैं समय के अनुसार वनडे में कुछ समय लेने की कोशिश करता हूं और फिर अंत तक अपना खेल खेलता हूं। मैं विश्वास का बदला चुकाने की कोशिश करूंगा।'

सूर्यकुमार ने आगे कहा, 'यह पिछले दो वर्षों की तरह ही दिन था। मैं बाहर गया और खुद को अभिव्यक्त किया। जिस तरह से मैंने बल्लेबाजी की, उसके साथ सब कुछ ठीक होता गया। संभावित शतक से चूकने के बारे में बात करते हुए सूर्यकुमार ने कहा कि उन्हें मील के पत्थर की ज्यादा परवाह नहीं है। श्रृंखला में तिलक वर्मा की बल्लेबाजी पर उन्होंने कहा, तिलक अपनी उम्र के हिसाब से अद्भुत परिपक्वता दिखा रहे हैं। उन्होंने जिस तरह से बल्लेबाजी की वह शानदार है। हमने मुंबई इंडियंस के लिए एक साथ कई बार बल्लेबाजी की है। वहां भी उन्होंने ऐसा ही किया है। सारा श्रेय उन्हें जाता है, वह एक स्टार हैं। वह अपने दिमाग में स्पष्ट है, वह अपना खेल जानता है। वह मानसिक रूप से काफी मजबूत है, जो भारतीय टीम के लिए महत्वपूर्ण है।

# विश्व कप 2023 के लिए ऑस्ट्रेलिया ने की प्रारंभिक टीम की घोषणा, लाबुशेन बाहर

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने इस साल भारत में होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए अपनी 18 सदस्यीय प्रारंभिक टीम की घोषणा की है। टीम में आश्चर्यजनक रूप से अनकैप्ड लेग स्पिनर तनवीर सांघा और अनुभवहीन ऑलराउंडर आरोन हार्डी को शामिल किया गया है, जबकि टेस्ट स्टार मार्नस लाबुशेन को बाहर किया गया है। वनडे क्रिकेट इतिहास में ऑस्ट्रेलिया सबसे सफल टीम है, जिसने अपने 60 प्रतिशत से अधिक मैच जीते हैं, जिसने रिकॉर्ड सात बार विश्व कप फाइनल (1975, 1987, 1996, 1999, 2003, 2007 और 2015) में भाग लिया और रिकॉर्ड पांच बार 1987, 1999, 2003, 2007 और 2015 विश्व कप जीता है। ऑस्ट्रेलिया




लगातार चार विश्व कप फाइनल (1996, 1999, 2003 और 2007) में पहुंचने वाली पहली और एकमात्र टीम है, जिसने वेस्ट इंडीज (1975, 1979 और 1983) के लगातार तीन विश्व कप फाइनल में पहुंचने के पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। इसके अलावा ऑस्ट्रेलियाई टीम लगातार 3 विश्व कप (1999, 2003 और 2007) जीतने वाली पहली और एकमात्र टीम है। ऑस्ट्रेलिया ने दो बार (2006 और 2009) आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी भी जीती है, जिससे वह चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट में लगातार विजेता बनने वाली पहली और एकमात्र टीम बन गई है। टीम ने 978 एकदिवसीय मैच खेले हैं, जिनमें 594 जीते, 341 हारे, 9 टाई रहे और 34 का कोई नतीजा नहीं निकला। ऑस्ट्रेलिया की प्रारंभिक विश्व कप टीम इस प्रकार है- पैट कमिंस (कप्तान), सीन एबॉट, एश्टन एगर, एलेक्स कैरी, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, आरोन हार्डी, जोश हेज़लवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, तनवीर सांघा, स्टीव स्मिथ , मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वार्नर, एडम ज़ाम्पा।

## करो या मरो वाले मैच में भारत की एकतरफा जीत, सीरीज का रोमांच बरकरार; सूर्यकुमार-तिलक ने किया कमाल

**जॉर्जटाउन।** भारत ने तीसरे टी20 मैच में वेस्टइंडीज को सात विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने पांच मैच की सीरीज में दमदार वापसी की है। हालांकि, वेस्टइंडीज की टीम 2-1 के स्कोर के साथ सीरीज अपने नाम करने से एक जीत दूर है। यह सीरीज जीतने के लिए भारत को बाकी दोनों मैच भी अपने नाम करने होंगे। इस मैच में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 159 रन बनाए थे। यह इस सीरीज का सबसे बड़ा स्कोर था। हालांकि, भारत ने सिर्फ 17.5 ओवर में तीन विकेट खोकर 164 रन बना लिए और मैच आसानी से अपने नाम किया। भारत के लिए सूर्यकुमार यादव ने 83 और तिलक वर्मा ने 49 रन बनाए, जबकि कुलदीप यादव ने तीन विकेट लिए। वहीं, वेस्टइंडीज के लिए ब्रेंडन किंग ने 42 और पॉवेल ने 40 रन बनाए। अल्जारी जोसेफ ने दो विकेट लिए। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज ने धीमी, लेकिन ठोस शुरुआत की। शुरुआती दो ओवर में हार्दिक और अर्शदीप ने सिर्फ नौ रन दिए। इसके बाद किंग और मेयर्स ने स्पिन गेंदबाजों के खिलाफ हाथ खोले और पावरप्ले में इन दोनों ने मिलकर 38 रन बनाए।

